प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक से आयोग्य घोषित कर दी गयी हैं। अब वह फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगी। मेडल मैच की सुबह आज उनका वजन तय मानकों से थोड़ा ज्यादा पाया गया, जिसके बाद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने कल 50 किलोग्राम भार वर्ग में तीन मुकाबले जीत कर फाइनल में प्रवेश किया था और भारत के लिए स्वर्ण पदक की आस जगायी थी।

****

विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किये जाने के फैसले पर भारत विरोध जता रहा है। इसे लेकर आज लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस मामले में केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया अब से थोड़ी देर बाद तीन बजे संसद में बयान देंगे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर विनेश फोगाट को चैंपियंस की चैंपियन करार दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा से इस मामले में बातचीत की है। उन्होंने पीटी ऊषा से कड़ विरोध दर्ज करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने मदद के लिए सभी विकल्पों पर विचार करने को कहा है।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने वर्ष 2024 की प्रतियोगी परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार इस साल दिसंबर तक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से राज्य में 38 हजार 949 से ज्यादा पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संभावना है। नियुक्ति के लिए जेएसएससी की ओर से चयन प्रक्रिया चलायी जा रही है।

****

कोडरमा जिले के सतगावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना में हुई वित्तीय अनियमितता के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। 14 लाख रुपये घाटाले के मास्टर माइंड बीटीटी दिनेश चौधरी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है, जबकि इस मामले में संलिप्त लिपिक अजीत कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा इस मामले में प्रखंड के प्रभारी स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भकत को भी पद से हटा दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घोटाले की राशि रिकवर करने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।

****

बोकारो जिले में पुलिस ने एक चर्चित हत्याकांड की छानबीन के दौरान बड़ी संख्या में हथियार बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने इनमें एके 47 और अन्य अत्याधुनिक हथियार भी शामिल हैं।

****

रांची–टाटा मुख्य सड़क पर बुंडू थाना क्षेत्र के वासिदा मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि मृतक बुंडू थाना क्षेत्र के लितिंगडीह गांव का रहनेवाला था।

****

धनबाद सदर अस्पताल में आज से 10 अगस्त तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में वैसे बच्चे जो शारीरिक अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग हैं, उनका मेडिकल चेकअप करने के बाद दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का रामगढ़ जिले में व्यापक असर देखा जा रहा है।।

****

रांची समेत राज्य भर में मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, सिमडेगा समेत सात जिलों में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा समेत 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र से लेकर समीप के बांग्लादेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इसके प्रभाव से राज्य में बारिश के आसार हैं।

******समाप्त*******